**28/07**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

लोकसभा में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के सशक्त, सफल और निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा हुई। चर्चा की शुरुआत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। सदन में बोलते हुए कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले के लिए ज़िम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने में असमर्थ रही। चर्चा जारी है। इस बीच, विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के बाद राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

0000000000000000000000

गृह मंत्री मामा नातुंग ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। बैठक में, उन्होंने राज्य में कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की, विशेष रूप से तिराप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों में मौजूद चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया। राज्यपाल ने इस बात पर ज़ोर दिया कि लोगों, विशेषकर समाज के कमज़ोर वर्ग में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए।

राज्यपाल ने शनिवार को नामसाई में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और टीसीएल क्षेत्र में दूर-दराज और दुर्गम स्थानों पर रहने वाले ग्रामीणों के समक्ष आने वाली चुनौतियों के संबंध में गृह मंत्री के साथ अपने विचार साझा किए।

0000000000000000000000

चांगलांग ज़िला उपायुक्त विशाल साह ने आज पावरग्रिड कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में लंबे समय से लंबित 132 किलोवॉट और 33 किलोवॉट ट्रांसमिशन लाइन परियोजनाओं पर चर्चा की गई। परियोजनाओं को पूरा होने में तीन साल से ज़्यादा की देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, उपायुक्त ने अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण, खासकर गर्मियों के महीनों में, जनता को होने वाली कठिनाइयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पावरग्रिड अधिकारियों से काम में तेज़ी लाने, ज़मीनी स्तर पर और अधिक कर्मचारियों की तैनाती करने और लंबित कार्यों को तेज़ी से पूरा करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

अंतरराज्यीय वाहन चोरी और तस्करी के एक गिरोह के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर, ईटानगर कैपिटल पुलिस ने कई राज्यों में सक्रिय एक बड़े अंतरराज्यीय वाहन तस्करी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई पिछले 2 जुलाई को शुरू हुई थी और जाँच के दौरान, आईसीआर के विभिन्न स्थानों से कुल सत्तवन महंगे चोरी के वाहन बरामद किए गए।

वेरिफ़ाई करने के बाद, सभी वाहन ब्लैकलिस्ट में पाए गए जो दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में चोरी और डकैती के मामलों से जुड़े हुए है। इस बीच, गिरोह के बाकी फरार सदस्यों का पता लगाने और क्षेत्र में अन्य चोरी के वाहनों को बरामद करने के प्रयास जारी हैं।

0000000000000000000000

ग्रामीण आजीविका और जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, आज वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अंतर्गत जेमिथांग सर्कल, तवांग में बागवानी जागरूकता सह इनपुट वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह एक केंद्र प्रायोजित योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIHD) का एक हिस्सा है जिसका उद्देश्य किसानों को स्थायी बागवानी पद्धतियों को अपनाने के लिए ज्ञान, उपकरण और संसाधनों से लैस करना है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग (APSCW) की टीम ने चेयरपर्सन यालेम तागा बुरांग के नेतृत्व में वाइस चेयरपर्सन एवं अन्य सदस्यों के साथ जुलांग स्थित डिस्ट्रीक्ट जेल और महिला पुलिस स्टेशन, ईटानगर का अपना पहला आधिकारिक दौरा किया। टीम ने महिला कैदियों की स्थिति और जेल में दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने यह बताया कि कैदियों को कानूनी सहायता, परामर्श और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस बीच, आयोग ने राज्य सरकार से सिलाई और बेकिंग को व्यावसायिक प्रशिक्षण के एक भाग के रूप में शामिल करने का आग्रह भी किया है।

0000000000000000000000

विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर, आज दोईमुख के सोपो स्थित दीपक नाबाम लिविंग होम में बड़े पैमाने पर वायरल हेपेटाइटिस बी और सी स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। राज्य राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नाहरलागुन के सहयोग से आयोजित इस स्क्रीनिंग में समुदाय और गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

0000000000000000000000

आज जवाहर नवोदय विद्यालय, आनिनी में दिबांग वैली जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा विश्व हेपेटाइटिस दिवस कार्येक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य वायरल हेपेटाइटिस और जन स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना था।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 2 जिलों पापुम पारे और लोहित के लिए ऑरेंज अलर्ट, साथ ही अन्य 17 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की सभावना है।

0000000000000000000000